FORTUNAPR

Publication	Encounter	Date	17-7-2017	Page No.	08
Client Name	Kay2 Steel	Edition	Chandigarh		

2018 तक पंजाब-हरियाणा- हिमाचल में उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 1 लाख टन करेगी के2 स्टील लिमिटेड

ब्यूरो/चंडीगढ़। भारत में सबसे नई और सबसे तेजी से उभरती टीएमटी बार निर्माता कंपनी 'के2 स्टील लिमिटेड' की योजना 2018 तक पंजाब-हरियाणा-हिमाचल में अपनी उत्पादन क्षमता को 1 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की है। यह जानकारी कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कंपनी के डीलरों की वार्षिक बैठक के दौरान दी। इस बैठक में कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर मार्केटिंग श्री दिलीप मेहरा और श्री विनोद गहलौत तथा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा से आये 300 से भी अधिक डीलर व वितरक शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए, के2 स्टील लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''इस क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्टर को बड़े पैमाने पर बेहतर किया जा रहा है तथा विकास कार्य जोरों पर चल रहा है। हमें पूरी उम्मीद हैं की आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार से विकास कार्य जारी रहेंगें, जिससे निर्माण सामग्री की मांग में भी वृद्धि आएगी।